### एक नजर

## सोनिया मीना ने विस्थापित ग्राम को दिए 3 .25 करोड़

**नर्मदापुरम/11,अप्रैल,2026/** नर्मदापुरम जिले में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा एक महत्वपूर्ण प्रकरण का निराकरण करते हुए आवश्यक प्रशासनिक स्वीकृतियां जारी की गई हैं, जिससे विस्थापित ग्राम के ग्रामीणों को दीर्घकालिक लाभ प्राप्त होगा। प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार, कलेक्टर सुश्री मीना ने सतपुड़ा टाइगर रिजर्व (एसटीआर) क्षेत्र से विस्थापित ग्राम बडगोंदी के लगभग 20 ग्राम वासियों को वन विभाग से मिलने वाली 3 .25 करोड़ रुपए की राशि की स्वीकृति प्रदान की है। इस निर्णय से प्रभावित परिवारों को आर्थिक संबल मिलने के साथ उनके पुनर्वास को भी मजबूती मिलेगी। उल्लेखनीय है कि ग्राम वासियों के लिए राजस्व ग्राम से वन ग्राम में परिवर्तित इन ग्रामों को वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत यह राशि स्वीकृत की गई है। इसके अतिरिक्त कलेक्टर द्वारा नव स्वीकृत हरदा-टिमरनी मार्ग के अंतर्गत स्वीकृत प्रकरणों में भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया के तहत धारा 11 के प्रकाशन की भी स्वीकृति प्रदान की गई है।

## मढ़ई में होमस्टे पर जोर

**नर्मदापुरम।** जिले के मढ़ई स्थित ड्रीम व्यू हेरिटेज रिसॉर्ट में जिला पंचायत की सामान्य बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई तथा पेयजल, गेहूं उपार्जन, खनिज नियंत्रण और प्रधानमंत्री आवास योजना पर चर्चा हुई। बैठक में एक जिला एक उत्पाद के तहत पर्यटन को बढ़ावा देने और होमस्टे योजना के माध्यम से ग्रामीण रोजगार एवं महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया। इसके बाद जनप्रतिनिधियों को होमस्टे का भ्रमण कराया गया और क्षेत्र की पर्यटन संभावनाओं से अवगत कराया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष राधा सुधीर पटेल, उपाध्यक्ष मनोहर लाल पटेल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन द्वारा की गई। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# दो स्थानों पर लगी आग, लाखों का माल स्वाहा

### आग बुझाने के बाद पास की ही एक किराना दुकान से भी धुआं निकलने लगा, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई जिसे बाद में काबू पाया गया



**नवभारत न्यूज**
**सिवनी मालवा 11 अप्रैल 2026,** सिवनी मालवा नगर के किराना बाजार स्थित हनुमंत मोबाइल दुकान में शनिवार तड़के करीब 4.30 बजे अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में दुकान में रखा अधिकांश सामान जलकर राख हो गया, जिससे लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुबह स्थानीय लोगों ने दुकान से धुआं उठते देखा, जिसके बाद तत्काल डायल 112 पर सूचना दी गई। सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जिसमें पायलट संजय पाल, आरक्षक पूनम बिल्लोरे तथा दूसरी टीम के पायलट नरेंद्र लौवंशी और आरक्षक सतीश कुमार वर्मा शामिल थे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए फायर ब्रिगेड को भी मौके पर बुलवाया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दुकान के अंदर से लगातार विस्फोट जैसी आवाजें आ रही थीं और शटर के नीचे से आग की लपटें बाहर निकल रही थीं। आसपास के दुकानदारों ने हिम्मत दिखाते हुए दुकान का शटर खोलकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि उस पर नियंत्रण पाने से पहले ही दुकान का अधिकांश सामान जल चुका था। आग बुझाने के बाद पास की एक किराना दुकान से भी धुआं निकलने लगा, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि स्थानीय लोगों की सूझबूझ और तत्परता से पानी डालकर आग को फैलने से रोक लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

### ऑटो पार्ट्स की दुकान में लगी आग

**नर्मदापुरम।** कुलामढ़ी रोड स्थित अनय ऑटो पार्ट्स दुकान में शनिवार दोपहर करीब 12-20 बजे अचानक आग लग गई। घटना के समय दुकान मालिक शटर बंद कर लंच करने के लिए घर गए हुए थे। प्राथमिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। आग की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक दुकान में रखा करीब 3 से 3 .5 लाख रुपए का ऑटो पार्ट्स का सामान जलकर खाक हो चुका था।

**शटर से निकला धुआं, खोलते ही भड़कीं लपटें –** जानकारी के अनुसार, दुकान मालिक दोपहर में शटर बंद कर घर गए थे। इसी दौरान आसपास के लोगों ने शटर के कोने से धुआं निकलता देखा, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम ने जैसे ही शटर खोला, अंदर से तेज आग की लपटें उठने लगीं।



## शिक्षकों ने खोला मोर्चा

**हरदा -** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा जिला हरदा के द्वितीय चरण में ब्लॉक स्तरीय ज्ञापन का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत परीक्षा संबंधी आदेश निरस्त करना एवं नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्रदान करना जैसी मांगे शामिल हैं। इसके अंतर्गत आज बलराम चौक पर स्थित जैन मंदिर के पार्क में सैकड़ों की तादाद में अध्यापक शिक्षक मोर्चा के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए। जिन्होंने परीक्षा का पुरजोर विरोध करते हुए सरकार एवं शासन को चेतावनी दी है कि यदि हमारी परीक्षा संबंधी आदेश निरस्त नहीं होता है एवं नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्राप्त नहीं होती है तो आगामी 18 अप्रैल को भोपाल में जंगी प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें लाखों की तादाद में अध्यापक एवं शिक्षक पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। आज जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर हमारी मांगोंके समर्थन में समर्थन पत्र मुख्यमंत्री तक पहुंचाने में हमारी मदद करेंगे। इस श्रृंखला में उपाध्यक्ष नगर परिषद हरदा अंशुल गोयल को अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के द्वारा ज्ञापन सोपा गया जिसमें ञश्वञ्ज परीक्षा निरस्त करने एवं नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री एवं सरकार से अपील की गई।

## योनो अपडेट कराने के बहाने 1 लाख 9 हजार निकाले

**नवभारत न्यूज**
**इटारसी, 11 अप्रैल** पथरोटा थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का एक मामला सामने आया है। ग्राम घाटली निवासी 63 वर्षीय सुरेश कुमार चिमानिया से अज्ञात व्यक्ति ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के योनो ऐप अपडेट करने के नाम पर 1 लाख 9 हजार 700 रुपए ठग लिए। पुलिस के अनुसार, यह घटना 3 अप्रैल 2026 को सुबह 9.05 बजे से 10.53 बजे के बीच हुई। फरियादी सुरेश कुमार चिमानिया के मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया, जिसने खुद को पंकज बताया और योनो ऐप अपडेट करने की बात कही। आरोपी ने सुरेश कुमार को एक लिंक भेजा और ऐप अपडेट कराने के बहाने उनकी बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी हासिल कर ली। इसके बाद आरोपी ने चिमानिया के खाते से कुल 1,09,700 रुपए निकाल लिए। ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने 10 अप्रैल 2026 को शाम 4.08 बजे पथरोटा थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने इस मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी

### सुरक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाने रक्षा समिति की बैठक आयोजित

**सिवनी मालवा 11 अप्रैल.** क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सिवनी मालवा थाना परिसर में नगर रक्षा समिति एवं ग्राम रक्षा समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुविभाग शिवपुर, डोलरिया एवं सिवनी मालवा क्षेत्र के समिति सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान ने की। बैठक के दौरान एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान ने उपस्थित सदस्यों को रक्षा समिति के कार्य, अधिकार एवं कर्तव्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रक्षा समिति समाज और पुलिस के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करती है, जो क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से आह्वान किया कि वे रक्षा समिति से जुड़कर समाज में सक्रिय भूमिका निभाएं और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने में सहयोग करें। उन्होंने अनुशासन, जिम्मेदारी एवं समाज सेवा की भावना को अपनाने पर जोर दिया.

## बच्ची से छेड़छाड़ के आरोपी को सजा

**पिपरिया-** द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश अर्चना रघुवंशी के न्यायालय ने 4 साल की बच्ची से छेड़छाड़ के आरोपी मोनू उर्फ मोहित को सजा सुनाई है। आरोपी को पॉक्सो एक्ट की धारा 9एम/10 के तहत 7 की सजा और एक हजार रुपए का अर्थदंड दिया गया है। घटना 25 अक्टूबर 2024 की रात करीब 7-30 बजे की है। पीड़ित बालिका की मां ने 28 अक्टूबर 2024 को आरक्षी केंद्र सोहागपुर में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, उनकी 4 वर्षीय बेटी अपने पड़ोसी मोनू उर्फ मोहित के घर खेलने गई थी। वापस आने पर बच्ची ने अपनी मां को सारी बात बतायी.

## प्रथम नियुक्ति से दो वरिष्ठता का लाभ : शिक्षक संघ

**नवभारत न्यूज**
**माखन नगर,** माखन नगर तहसील कार्यालय परिसर में आज शिक्षक संघ के बैनर तले ब्लॉक के सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाओं ने एकजुट होकर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया तथा तहसील प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों ने अपनी प्रमुख मांगों को रखते हुए कहा कि TET अनिवार्यता समाप्त करो एवं प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता का लाभ दो जैसे मुद्दे लंबे समय से लंबित हैं, जिनका शीघ्र समाधान किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि ञश्वञ्ज की अनिवार्यता के कारण वर्षों से सेवाएं दे रहे शिक्षकों के भविष्य पर अनिश्चितता की स्थिति उत्पन्न हो रही है, जो न्यायोचित नहीं है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि पूर्व में नियुक्त शिक्षकों को नियमों एवं प्रावधानों के अनुरूप राहत प्रदान की जानी चाहिए, जिससे उनके अधिकारों की रक्षा हो सके। शिक्षकों ने शासन-प्रशासन से मांग की कि संवेदनशीलता के साथ इन मुद्दों पर विचार करते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए। इस दौरान शिक्षक संघ के प्रमुख रूप से गजेंद्र बछले, अमित गौर, संतोष सोनी, संतोष मीणा, हेमराज तिवारी, डॉ. अमजद खान, रमन गोस्वामी, राजेश मालवीय, सुनीता तिवारी, मेहनीगार खान, रीता उपाध्याय, विनीता तिवारी, नीलू व्यास, रश्मि जायसवाल, तपस्या विश्वकर्मा सहित ब्लॉक के सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं अनुशासित तरीके से संपन्न हुआ। अंत में प्रतिनिधिमंडल द्वारा तहसील प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए आशा व्यक्त की गई कि उनकी मांगों पर शीघ्र ही सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## बढ़ते अतिक्रमण के खिलाफ पुलिस ने शुरू की कार्रवाई

**शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई समय-समय पर जारी रहेगी**

**नवभारत न्यूज**
**इटारसी, 11 अप्रैल** शहर में बढ़ते अतिक्रमण के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना इटारसी पुलिस ने पहली लाइन क्षेत्र में सड़क पर सामान रखकर यातायात बाधित करने वाले एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

**आवागमन प्रभावित -** पुलिस के अनुसार, पहली लाइन में राजस्थान स्वीट के बाजू में गृह संसार सेल के सामने आम सड़क पर सामान रखे होने से आवागमन प्रभावित हो रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई की। पुलिस ने वार्ड क्रमांक 22, बोर्डिंग स्कूल के पास नाला मोहल्ला इटारसी निवासी 19 साल के मोहम्मद सोहब शाह के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

**आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई -** कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से 2 साबुदानी, 15 प्लास्टिक गमले, 10 प्लास्टिक डस्टबिन, लोहे की 4 छोटी कोठियां और जूते-चप्पल के 2 स्टैंड जब्त किए। यह कार्रवाई सजावट हेंडलूम के सामने आम रोड, पहली लाइन, इटारसी पश्चिम क्षेत्र में की गई। पुलिस ने बताया कि शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने और अतिक्रमण हटाने के लिए इस तरह की कार्रवाई समय-समय पर जारी रहेगी।

### वार्ड क्रमांक 9 में नल-जल योजना का कार्य पूर्ण

**सिवनी मालवा** नगर के वार्ड क्रमांक 9 में बहुप्रतीक्षित नल-जल योजना का कार्य पूर्ण हो गया है। लंबे समय से पेयजल संकट से जूझ रहे वार्डवासियों के लिए यह खबर बड़ी राहत लेकर आई है। अब क्षेत्र के लोगों को जल्द ही नर्मदा का शुद्ध पेयजल सीधे घरों तक उपलब्ध कराया जाएगा। यह कार्य नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन के मार्गदर्शन एवं वार्ड पार्षद व सभापति ईश्वरदास जमींदार के सतत प्रयासों से संभव हो सका है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, पार्षद द्वारा योजना को लेकर लगातार नगर पालिका अध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारियों से संपर्क बनाए रखा और कार्य में आ रही बाधाओं को दूर कराया.

## पाइप चोरी हुए व ट्रैक्टर में आग लगाई

**पिपरिया** पिपरिया स्टेशन रोड थाने के अंतर्गत खैरी कला में अज्ञात व्यक्ति द्वारा मनीष कुमार पिता सुंदरलाल रघुवंशी के खेत से सिंचाई के 150 पाइप चुराकर ले गया। वही अज्ञात कारणो से आयशर ट्रेक्टर मे आग लगा दी जिससे ट्रेक्टर जल गया।

### शैलेंद्र जोशी बने कांग्रेस नगर मंडल अध्यक्ष

**माखन नगर** कांग्रेस पार्टी ने संगठन को मजबूत करने के लिए ब्लॉक में मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की है ब्लॉक में 10 मंडल अध्यक्ष बनाए हैं जिसमें माखन नगर मंडल अध्यक्ष की जवाबदारी शैलेंद्र जोशी को सौंपी गई है .

## आवारा पशुओं को किया नगर सीमा से बाहर

**नवभारत न्यूज**
**नर्मदापुरम** नगरपालिका की टीम द्वारा आवारा पशुओं को नगर सीमा से लगातार बाहर किया जा रहा है। हाका दल द्वारा नगर में प्रवेश करने वाले सभी मार्गों पर मानिटरिंग की जा रही है। साथ ही नगर के पशु पालकों को समझाइश भी दी जा रही है। हाका दल प्रभारी गगन सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देशन में नगर से आवारा पशुओं को बाहर किया जा रहा है। शनिवार को प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही करते हुए ग्वालटोली, कोठी बाजार, महिमा नगर, चक्कर रोड से पागल सांडों को पकड़ कर नगरीय सीमा से बाहर किया। इस अभियान में हाका दल से मुकेश शर्मा, दिलीप केवट, शिवम केवट, शिवम मालवीय, विशाल मालवीय, संदीप वर्मा, मोहन केवट, प्रेम लश्करी, अभिषेक केवट, तरुण शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यक्रम हुआ

**पिपरिया** पोषण पखवाडा के अंतर्गत रेल्वे स्टेशन पर रेल्वे अस्पताल टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। पोषण पखवाडा अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम अवसर पर डॉ. आर आर कुर्रे ने बताया कि गर्भावस्था से लेकर बच्चो के दूसरे जन्मदिन तक का समय बच्चो के शारीरिक एवं मानसिक विकास का महत्वपूर्ण दिन होता है। एक स्वस्थ माँ ही स्वस्थ बच्चे को जन्म दे सकती है इस समय स्वस्थ एवं संतुलित भोजन पोषक तत्व से भरपूर होना चाहिये। मौसमी फल, पपीता, सेव, अनार, आदि का सेवन करना चाहिए.

## श्रेय की राजनीति न करें : पटेल

**नवभारत न्यूज**
**हरदा, 11 अप्रैल** विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने ने पत्रकारवार्ता आयोजित कर बताया गया कि पूर्व कृषि मंत्री व वर्तमान सांसद प्रतिनिधि कमल पटेल द्वारा खिरकिया व चारूवां के लोगो अपने निवास पर दिनांक 10 अप्रैल को मुगल सिंचाई परियोजना का लाभ दिलाने के लिए बुलाया गया था परन्तु मुगल सिंचाई परियोजना की बात करने के स्थान पर मोरंड गंजाल सिंचाई परियोजना की बात करने लगे व उसका श्रेय लेने लगे। इस हेतु मेरा आप पर आरोप है कि आप श्रेय की राजनीति करना बंद करे और सेवा व विकास की राजनीति करे। कमल पटेल जब कृषि मंत्री थे तब उनके द्वारा कोई विकास कार्य नही कराये गए यदि कोई विकास कार्य कराये गए है तो वह स्पष्ट करे और वर्तमान में मेरे कार्यकाल में होने वाले विकास कार्यों का श्रेय लेना व झूठ की राजनिति करना छोड़ दे। विधायक ने बताया कि मोरंड गंजाल सिंचाई परियोजना क्षेत्र के किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं जीवनदायिनी योजना है, जिसे कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में स्वीकृति मिली, लेकिन भाजपा सरकार की उदासीनता के कारण आज तक यह योजना धरातल पर नहीं उतर सकी।

## विद्यार्थियों को दिखाई उज्जवल भविष्य की दिशा

**नवभारत न्यूज**
**नर्मदापुरम।** स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंण्डरी स्कूल में शनिवार को सीनियर सेकेंण्डरी विद्यार्थियों के लिए एक प्रभावशाली एवं मार्गदर्शक करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रख्यात करियर काउंसलर एवं रिसोर्स पर्सन अपूर्व वैष्णव मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित होकर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि करियर का चयन केवल अंकों के आधार पर नहीं, बल्कि व्यक्तिगत रुचि, क्षमता और बदलते समय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर करना चाहिए। उन्होंने डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल मार्केटिंग, डिजाइनिंग और फॉरेंसिक साइंस जैसे उभरते क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों की विस्तृत जानकारी दी।

सत्र के दौरान समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण एवं निरंतर प्रयास के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों और अभिभावकों के साथ संवाद के माध्यम से उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया, जिससे कार्यक्रम और अधिक प्रभावी बन गया। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती मोना चटर्जी ने बताया कि विद्यालय का करियर काउंसिलिंग सेल प्रत्येक विद्यार्थी की क्षमता, इच्छा और पालकों की अपेक्षा के अनुसार करियर चयन कर उचित मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है, जिसमें पूरे वर्ष देश के विशेषज्ञ आकर बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

आज के कार्यक्रम में विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में छात्रा भव्या चौबे ने आभार व्यक्त किया।

**राहत भरी पहल** — पर्यावरण संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी, सामूहिक प्रयासों से ही बदलाव संभव

# छात्राओं ने लगाए सकोरे, प्यासे पंखों को मिला सहारा

**नवभारत न्यूज**
**सिवनी मालवा 11 अप्रैल 2026,** भीषण गर्मी के बीच पक्षियों और अन्य जीव-जंतुओं के लिए राहत भरी पहल करते हुए शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा में एक सराहनीय पर्यावरणीय गतिविधि का आयोजन किया गया। वनस्पति शास्त्र विभाग, इको क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



गर्मी के तीव्र प्रभाव को ध्यान में रखते हुए छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर के विभिन्न स्थानों पर पेड़-पौधों पर सकोरे (मिट्टी के छोटे पात्र) लटकाए और उनमें स्वच्छ जल भरकर पक्षियों के लिए पेयजल की व्यवस्था की। इस पहल से न केवल पक्षियों को गर्मी से राहत मिली, बल्कि परिसर में पर्यावरणीय जागरूकता का भी सकारात्मक संदेश प्रसारित हुआ। इस गतिविधि के माध्यम से छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता, जीव-जंतुओं के प्रति करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास हुआ। छात्राओं ने स्वयं आगे आकर इस कार्य में भाग लेते हुए यह साबित किया कि छोटे-छोटे प्रयास भी प्रकृति संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर के अनेक स्थानों पर सकोरे लगाए गए, जिससे पक्षियों को निरंतर जल उपलब्ध हो सके। इस पहल के बाद परिसर में पक्षियों की चहचहाहट बढ़ना इस प्रयास की सफलता का प्रमाण रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे ने इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में संवेदनशीलता और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी विकसित करना भी है। इको क्लब सह प्रभारी डॉ. रजनीकांत वर्मा ने पर्यावरणीय संतुलन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में ऐसे प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। वहीं इको क्लब प्रभारी डॉ. सतीश बालापुरे ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है और सामूहिक प्रयासों से ही सकारात्मक बदलाव संभव है।

राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आकांक्षा पांडे ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि सेवा और संवेदनशीलता ही एक जागरूक समाज की पहचान है, इसलिए सभी को ऐसे कार्यों में निरंतर भागीदारी निभानी चाहिए।

कार्यक्रम के समापन पर छात्राओं को भविष्य में भी इस प्रकार की रचनात्मक और पर्यावरणीय गतिविधियों में सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया गया। यह आयोजन न केवल महाविद्यालय परिसर बल्कि समाज में भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति एक प्रेरणादायक संदेश देने में सफल रहा। इस अवसर पर इको क्लब एवं एनएसएस इकाई की छात्राएं तथा महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## गीता टॉकीज में ‘धुरंधर’ फिल्म ब्राह्मण समाज के लिए नि :शुल्क

**नवभारत न्यूज**
**सिवनी मालवा 11 अप्रैल** सिवनी मालवा के गीता टॉकीज में एक सराहनीय पहल सामने आई है। टॉकीज के मालिक दीपक पालीवाल ने फिल्म धुरंधर को ब्राह्मण समाज के लिए निशुल्क प्रदर्शित करने का निर्णय लिया है।

यह विशेष प्रदर्शन रविवार, 12 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। इस दिन दो शो पूरी तरह निशुल्क रहेंगे—पहला शो दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक तथा दूसरा शो शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक। इन दोनों शो में ब्राह्मण समाज के सभी विप्र बंधु एवं महिलाएं बिना किसी शुल्क के फिल्म का आनंद ले सकेंगे। इस पहल को लेकर शहर में सकारात्मक माहौल है और लोग इसे सामाजिक जुड़ाव एवं सद्भाव को बढ़ावा देने वाला कदम मान रहे हैं।

टॉकीज के मालिक दीपक पालीवाल ने बताया कि इस आयोजन के दौरान टॉकीज के मुख्य द्वार पर समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे, जो आगंतुकों का मार्गदर्शन करेंगे।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी हेतु 12 केन्द्र बनाए

**पिपरिया ,** समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी हेतु 12 केन्द्र बनाये गये है। खरीदी केन्द्रो पर कांटा पूजन कर खरीदी की शुरूआत की तैयारी शुरू हो गई है। सोमवार से समर्थन मूल्य गेंहू की खरीदी होगी। धनासरी में समाजसेवी हेमंत पटेल,मनोज पटेल,संतोष चौधरी व समिति प्रबंधक भगवत पटेल की उपस्थिति में कांटे की पूजन हुई। सहायक आपूर्ति अधिकारी मनोज शुक्ला ने बताया कि कृषक सेवा सहकारी समिति खापरखेडा के अंतर्गत बेयर हाउसों रया क्षेत्र में 12 केन्द्रो पर गेंहू की खरीदी होगी।